हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 27 मई 2025

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

13 व्हालीबॉल में नवापारा स्कूल प्रथम खेल मंत्री वर्मा ने किया...



14 महिलाओं ने पूजा के बाद वट सावित्री कथा सुनी





# तीन घंटे की बारिश से खेत-खलिहान हुए लबालब, किसानों में टेंशन

## नहीं हो पाई खेतों में सफाई, समय से पहले बारिश से पैरा भी घर नहीं ला पाये किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

क्षेत्र में सोमवार को दोपहर बाद घंटों से जारी झमाझम बारिश ने खेत-खलिहानों को पूरी तरह से जलमग्न कर दिया। लगातार हो रही तेज बारिश के कारण जहां एक ओर गांव की सड़कों और रास्तों पर यातायात प्रभावित हुआ है, वहीं किसानों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। खेतों में अत्यधिक पानी भर जाने से जुताई, साफ-सफाई और अन्य कृषि कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं।

स्थानीय किसानों के अनुसार, मानसून की समय से पहले दस्तक ने उन्हें भरोसा है कि इस बार फसल अच्छी होगी। लेकिन अचानक आई भारी बारिश ने सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। खेतों में कांटे, झाड़-झंखाड़ और पुराने अवशेषों की सफाई का कार्य अभी अधूरा रह गया, जिसे बारिश ने बाधित कर दिया है।ग्रामीणों ने बताया कि आमतौर पर वे बरसात के मौसम के लिए मवेशियों का चारा व अन्य संसाधनों की पहले से व्यवस्था कर लेते हैं, लेकिन इस बार बारिश अचानक और इतनी तेज हुई कि गाय, बैल, भैंस जैसे पशुओं के लिए रखा चारा और जरूरी सामान घर के बाहर ही भीग गया। कई पशु खुले में हैं, जिन्हें सुरक्षित स्थानों पर ले जाना मुश्किल हो गया है।क्षेत्र में बीते एक सप्ताह से कभी तेज बारिश तो कभी तूफानी हवाएं लोगों को परेशान कर रही हैं। इसका सीधा असर खेती पर पड़ रहा है। खेतों में भरे पानी से फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका गहरा गई है।



### नौतपा में भारी बारिश

खास बात यह है कि इस समय नौतपा का दौर चल रहा है, जो आमतौर पर भीषण गर्मी का समय होता है, लेकिन ऐसे समय में इस तरह की भारी बारिश लोगों के लिए चिंता का विषय बन गई है। मौसम के अनियमित व्यवहार ने न सिर्फ किसानों को परेशान किया है, बल्कि आम ग्रामीणों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यदि मौसम जल्द नहीं सुधरा, तो इस बार की खेती और फसल दोनों पर संकट आ सकता है।

## सौगात : छात्रों को मिलेगा शैक्षिणक, नैतिक, सामाजिक एवं व्यावहारिक ज्ञान

# प्रधानमंत्री मोदी ने किया पीएम श्री स्कूल सरसीवा का वर्चुअल उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार-सरसीवां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य के 29 जिलों में स्थित 130 पीएम श्री विद्यालयों का वर्चुअल उद्घाटन किया। पीएम श्री विद्यालय सरसीवां का भी इस अवसर पर उद्घाटन किया गया। पीएम श्री विद्यालयों की स्थापना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना है। इन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास रूम, आधुनिक प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, कौशल विकास केंद्र एवं हरित विद्यालय अवधारणा को बढ़ावा दिया गया है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत समग्र विकास, नवाचार आधारित शिक्षण एवं बहुआयामी अधिगम को साकार करने के लिए की गई है। पीएम श्री विद्यालयों के माध्यम से छात्रों को न केवल शैक्षिक बल्कि नैतिक, सामाजिक एवं व्यावहारिक ज्ञान भी प्रदान किया जाएगा। जिससे वे आत्मनिर्भर और सशक्त नागरिक बन सकें। उमेश कुमार जांगड़े ने कहा कि सरसीवा क्षेत्र को पीएम श्री स्कूल की सौगात मिलना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। इस उद्घाटन अवसर पर विद्यालय में संकुल समन्वयक दुबे एवं शिक्षकों छात्र-छात्राओं द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की। विद्यालय में प्राचार्य बीएल कुर्रे, संकुल समन्वयक एनके दुबे, व्याख्याता आरके नायक, उमेश कुमार जांगड़े, रामकुमार साहू, रमेश कुमार लहरे, सचिन कुमार धृतलहरे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं। यह अवसर विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गौरवशाली रहा। इसमें छात्रों ने नई ऊर्जा के साथ अपने शिक्षण सफर को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

- सरसीवा क्षेत्र को पीएम श्री स्कूल की सौगात मिलना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि




# नौकरी के नाम पर 3.50 लाख की ठगी, गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक फरार आरोपी को थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पदमन कुमार साहू द्वारा सांई ट्रस्ट में जीपी कोऑर्डिनेटर की पोस्ट पर नियुक्ति का झांसा देकर महिला से 3.50 लाख की ठगी की थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थिया द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि आरोपी पदमन साहू एवं उसके साथियों ने सांई ट्रस्ट में भर्ती की बात कहकर उसे जीपी कोऑर्डिनेटर के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा दिया। प्रार्थिया ने विश्वास में आकर फोन-पे व नगद मिलाकर कुल 3.50 लाख की राशि आरोपियों को सौंप दी। आरोपियों ने प्रार्थिया को फर्जी जॉइनिंग लेटर भी प्रदान किया, परंतु उसे किसी प्रकार की नियुक्ति नहीं मिली। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना सिटी कोतवाली में धारा 420, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में गठित टीम द्वारा लगातार आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस की सतत निगरानी और प्रयासों से 26 मई को आरोपी पदमन कुमार साहू 40 वर्ष निवासी ग्राम रायकोना, थाना सरसीवा, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर ठगी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। वर्तमान में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

## खबर संक्षेप



### पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा व्रत

**भटगांव।** नगर में सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख शांति के लिए वट सावित्री व्रत रखकर पूजा अर्चना की। जहां वट सावित्री व्रत पर महिलाओं ने दुल्हन की तरह सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष के पास पहुंचकर महिलाओं ने विधि विधान के साथ व्रत को पूरा किया। नगर के कई स्थानों में वट वृक्ष के नीचे सुबह से ही सुहागिनों की भीड़ लगी रही। पूजा अर्चना के बाद सुहागिनों ने वटवृक्ष की परिक्रमा कर पूजा की। वट सावित्री व्रत में वट और सावित्री दोनों का खास महत्व माना गया है। पीपल की तरह वट या बरगद का पेड़ का भी विशेष महत्व है। पुराणों की माने तो वट वृक्ष में ब्रम्हा, विष्णु व महेश तीनों का वास है। वट सावित्री व्रत के दिन बरगद पेड़ के नीचे बैठकर पूजन, व्रत कथा सुनने से मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस व्रत मे महिलाएं सावित्री सत्यवान की कथा सुनाती है।

### घर से कार की चोरी पुलिस जांच में जुटी

**सिमगा।** थाना क्षेत्र में चार पहिया वाहन कार एवं मोटरसाइकिल चोरी का सिलसिला लगातार जारी है, जिससे वाहन मालिकों में क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर भय एवं असंतोष ब्याप्त है। हालांकि वाहन चोर कुछ आरोपी पुलिस गिरफ्त में आ चुके हैं और कुछ की पुलिस द्वारा पतासाजी की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी डोमार सिंह साहू 38 साल ग्राम किरवई थाना सिमगा में 23 मई को अपनी सफेद रंग की आर्टिका कार क्रमांक सीजी 04 क्यू ई 1897 को अपने घर के अंदर आंगन में रखा था। प्रातः करीब 3.35 बजे लघु शंका के लिए उठा तो देखा कि कार वहा नहीं थी तथा घर के सामने दरवाजा का ताला भी टूटा था, जिसे कोई अज्ञात चोर द्वारा घर के अंदर प्रवेश कर सामने दरवाजा का ताला तोड़कर अंदर रखे सफेद रंग के आर्टिका कार को चोरी कर ले गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 331(2), 305(4) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है तथा पतासाजी की जा रही है।

### बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 29 को, 1394 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**बलौदाबाजार।** छतीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा क़ा आयोजन 29 मई क़ो किया जा रहा है। जिले में परीक्षा आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। परीक्षा आयोजन हेतु जिले में 4 केंद्र बनाए गये हैं, जिसमें 1394 परीक्षार्थी शामिल होंगे। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी अरुण कुमार सोनकर ने बताया कि बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 29 मई क़ो प्रथम पाली में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा केंद्र शासकीय डी.के. महाविद्यालय बलौदाबाजार में 480 परीक्षार्थी, शासकीय मिनी माता कन्या महाविद्यालय में 300, पं. चक्रपाणी शुक्ल शासकीय स्वामी आत्मानंद विद्यालय बलौदाबाजार में 360 एवं पं. लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल बलौदाबाजार में 254 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### पंजीकृत श्रमिकों का बैंक खाते में आधार लिंक होना अनिवार्य

**बलौदाबाजार।** श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न मंडल के अंतर्गत योजनाओं की राशि 17 सितंबर 2024 से डीबीटी के माध्यम से श्रमिकों के खाते में स्थानांतरित की जा रही है। बहुत से ऐसे श्रमिक जिनका आधार एवं बैंक खाता पंजीयन में उपलब्ध नहीं होने तथा बैंक खाता आधार से लिंक ⏭ शेष पेज 12 पर

# लोगों को तलवार दिखाकर धमकाने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले में आम जनता की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से स्थापित समाधान सेल के माध्यम से पुलिस को एक और महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। प्राप्त सूचना के आधार पर धारदार तलवार लहराकर राहगीरों को भयभीत करने वाले आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

25 मई को समाधान सेल के हेल्पलाइन नंबर पर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बलौदाबाजार-लटुवा मार्ग पर स्थित सोलहा तालाब के पास मेन रोड पर धारदार तलवार लहराकर आमजन को डरा और धमका रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए सिटी कोतवाली थाना पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी शत्रुहन कुमार सोनवानी 32 वर्ष निवासी ग्राम रसेडा को हिरासत में लिया। आरोपी के पास से एक लोहे की धारदार तलवार भी बरामद की गई। उक्त घटना के संबंध में थाना सिटी कोतवाली में धारा 25, 27 ⏭ शेष पेज 12 पर




## बगैर सचिव का गोपालपुर ग्राम पंचायत, सरकारी कामकाज ठप

**गोपालपुर।** ग्राम पंचायत गोपालपुर में पंचायत चुनाव हुए तीन माह गुजर गये, लेकिन आज पर्यन्त तक पंचायत सचिव की नियुक्ति नहीं की गई है, जिसके चलते सरकार की जन कल्याण कारी योजनाएं प्रभावित हो रही है एवं जन्म, मृत्यु के पंजीयन नहीं हो रहे हैं। इसके चलते प्रमाण पत्र लेने में लोगों को परेशानी हो रही है। आम लोगों के कुछ भी कार्य नहीं हो पा रहा है। मानमती पहारु साहू सरपंच से चर्चा करने पर बताया कि ग्राम पंचायत सचिव के पद खाली होने पर कोई भी कार्य नहीं हो पा रही है। इसकी जानकारी लिखित में मुख्य कार्य पालन अधिकारी जनपद पंचायत बिलाईगढ़ एवं मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत सारंगढ़ बिलाईगढ़ को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आश्वासन ही मिल रहा है। सचिव का पद ज्यो का त्यो बना हुआ है। ज्ञात हो कि रामाधार यादव सचिव के लिए आदेश जारी हुआ था, लेकिन वह भी कुछ कारणवश उक्त पंचायत में पदभार लेने से इंकार कर दिया, जिसके चलते सरपंच सचिव के लिए बार-बार आफिस के चक्कर काट रहे हैं। उक्त ग्राम पंचायत में एक समस्या और बनी है। नवीन पंचायत होने के कारण अलग आर डी नहीं बन पाया है, जिनके चलते समस्या निर्मित हो गई है। विदित हो कि जिम्मेदारी अधिकारियों की उदासीनता के कारण आज तक सचिव की नियुक्ति नहीं हो पाई है। सरपंच ने सचिव के रिक्त पद को पूरा करने के लिए शासन-प्रशासन से मांग की है।

# मंत्री टंकराम और नपा अध्यक्ष अशोक ने किया हैंडीक्राफ्ट बाजार का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शहरवासियों के मनोरंजन एवं खरीददारी के लिए एक भव्य हैंडीक्राफ्ट बाजार का शुभारंभ रविवार को कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के करकमलों से हुआ। गुरु घासीदास महंत नयनदास स्मृति मैदान में आयोजित इस मेले का शुभारंभ विधिवत पूजन एवं फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर मंत्री वर्मा एवं अध्यक्ष जैन ने मेला स्थल का भ्रमण कर विभिन्न दुकानों का अवलोकन किया। मेले में क्रॉकरी, बनारसी साड़ियां, घरेलू पर्दे, जनरल सामग्री, फैंसी बैग, मोजड़ी, सूती-खादी वस्त्र, पशमीना शॉल, घड़ियां सहित कई हस्तशिल्प व घरेलू उपयोग की वस्तुओं की दुकानों की भव्य साज-सज्जा की गई है।

उद्घाटन समारोह के अवसर पर अध्यक्ष भागलाल कोशले, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केशरवानी, पुरुषोत्तम नत्थानी, सुनीता वर्मा, सबा खान, सरिता मार्के, उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, शशिभूषण शुक्ला, शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव सहित कई पार्षद, समाजसेवी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।



## भाटापारा कांग्रेस भवन में शहीद नेताओं को दी गई श्रद्धांजलि

# झीरम घाटी की त्रासदी लोकतंत्र पर सीधा हमला : इंद्र साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

छत्तीसगढ़ के सियासी इतिहास की सबसे हृदयविदारक घटनाओं में से एक झीरम घाटी नरसंहार को आज 12 वर्ष पूर्ण हो गए। इस अवसर पर भाटापारा कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर शहीद नेताओं व सुरक्षाबलों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाटापारा विधायक इंद्र साव ने कहा कि 25 मई 2013 को झीरम घाटी में नक्सलियों द्वारा किया गया हमला लोकतंत्र की आत्मा पर सीधा प्रहार था। उन्होंने कहा, यह दिन छत्तीसगढ़ के इतिहास का सबसे काला दिन था। इस हमले में हमारे कई वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं सहित सुरक्षाबल के जवान वीरगति को प्राप्त हुए, जिनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

विधायक साव ने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि सामाजिक और वैचारिक स्तर पर भी होनी चाहिए। जनता की एकजुटता और जनचेतना से ही इस चुनौती का मुकाबला किया जा सकता है।

श्रद्धांजलि सभा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहीद नेताओं और सुरक्षाकर्मियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव, सुशील शर्मा, राजकुमार शर्मा, आलोक मिश्रा, रोशन हबलानी एवं वैभव केशरवानी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए शहीदों के बलिदान को नमन किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रतिबद्धता जताई।

कार्यक्रम में ईश्वर सिंह ठाकुर, दिवाकर मिश्रा, सचिन्द्र शर्मा, नानू सोनी, सत्यजीत शेंडे, मोहन निषाद, मनमोहन कुर्रे, कृष्णा टंडन, पिंटू रजक, राजेन्द्र वर्मा, नवीन बक्श, आकाश मांडले, शेषनारायण यदु, शशांक बंजारे, ओमप्रकाश यदु, बंसल, गिरिराज चावड़ा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।



# बैंक कर्मचारी से वसूल की जाएगी गबन राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बैंक के कर्मचारी द्वारा उपभोक्ता की राशि गबन मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा रसेड़ा खातेदार को जमा की गई राशि ब्याज सहित अन्य व्यय प्रदाय करने का आदेश पारित किया।

- उपभोक्ता आयोग ने खातेदार को दिलाई ब्याज सहित जमा राशि और अन्य व्यय

जानकारी के अनुसार आवेदक बेदराम फेकर द्वारा अपना बचत खाता बैंक में खुलवाया गया था, जिसका उपयोग वह करते आ रहा था। खाते में 6 फरवरी 2014 तक 2,37,090 रूपये राशि जमा थी, जो माईनस में 15 हजार रूपये हो गई है। आवेदक द्वारा अपनी राशि का आहरण नहीं किया था। जानकारी हासिल किये जाने पर पता चला कि आवेदक के खाते से पूर्ण जमा रकम का आहरण चेक के माध्यम से किया गया है, जबकि आवेदक के खाते में चेक सुविधा प्रदान नहीं की गई थी। आवेदक द्वारा बैंक एवं उप पंजीयक को शिकायत की, उपरांत विभिन्न दिनांकों में उच्चाधिकारियों को शिकायत की गई, परंतु जमा राशि प्राप्त नहीं हुई। आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में शिकायत प्रस्तुत करने पर संबंधित बैंक ने बचाव करते हुए जानकारी दी कि उक्त बैंक के कर्मचारी के विरूद्ध गबन राशि वसूली मामला प्रस्तुत किया गया है जो लंबित ⏭ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### मुड़ियाडीह में निःशुल्क योगाभ्यास शुरू

**कसडोल।** विकासखंड के ग्राम मुड़यिाडीह में निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें ग्रामीण योगाभ्यास का लाभ उठाय रहे हैं। योग जिला प्रभारी गंगा प्रसाद साहू एवं योग शिक्षक सामरथ साहू द्वारा इंटी ग्रेटेड योग के साथ अनेक साधारण रोग सिर बचने तथा निवारण कर लिये योग प्राणायाम, आसन, सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास सीखा रहे हैं। इस दौरान शिविर में डॉ. रमेश निषाद, संतोष निषाद, लक्ष्मण, ईशान सहित अन्य का सहयोग मिल रहा है।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** युवक से मारपीट करने वाले दो लोगों के खिलाफ तुमगांव पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि तुमगांव के एक ट्रेडर्स दुकान में शिव कुमार सोनवानी के साथ आरोपी रूपेश और वीरू गहरवाल ने मारपीट कर दी। मारपीट से युवक के सिर में चोट आई है।

## पेज 11 के शेष...

### लोगों को तलवार...

आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले में समाधान सेल की स्थापना आमजनों की शिकायतों और समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से की गई है। इस सेल के माध्यम से नागरिक किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों की जानकारी व्हाट्सएप या कॉल के जरिए सीधे साझा कर सकते हैं। इस योजना के तहत लगातार अपराधियों की धरपकड़ की जा रही है और कानून व्यवस्था बनाए रखने में उल्लेखनीय सफलता मिल रही है।

### पंजीकृत श्रमिकों का...

नहीं होने के कारण डीबीटी (प्रत्यक्ष अंतरण) होने में असुविधा हो रही है। श्रम विभाग में पंजीकृत ऐसे श्रमिक जिनका पंजीयन कार्ड में बैंक खाता नंबर एवं आधार दर्ज नहीं हैं, बैंक खाता आधार से लिंक कराकर व अपने आश्रितों जैसे- पिता/पति, पत्नि, पुत्र-पुत्री के बैंक खाते में आधार लिंक कराना जरुरी है।
अधिक जानकारी हेतु कार्यालय श्रम पदाधिकारी, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, समस्त विकासखंड में संचालित श्रम संसाधन केन्द्र, श्रमेव जयते मोबाइल एप्प, विभागीय वेबसाईट एवं लोक सेवा केन्द्र के माध्यम श्रमिक पंजीयन कार्ड में जाकर संशोधन करवा सकते हैं।

### बैंक कर्मचारी से...

विचाराधीन है। आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल एवं सदस्य हरजीत चावला, शारदा सोनी ने उभयपक्ष की सुनवाई पश्चात मामले में सबंधित जिला सहकारी बैंक ग्राम रसेडा को सेवा में कमी का आंशिक दोषी मानते हुये उपभोक्ता को उसके द्वारा जमा की गई राशि 2,37,090 रूपये तथा उस पर 6 फरवरी 2014 से अदायगी दिनांक तक 6 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज तथा मानसिक एवं आर्थिक क्षति के रूप में 25 हजार एवं वाद व्यय के रूप में 5 हजार रूपये का भुगतान 45 दिनों के भीतर करने का निर्णय सुनाया।

# पिता की अंतिम इच्छा पूर्ण करने 1200 किमी की पदयात्रा पर निकला पुत्र

## आंध्र प्रदेश से अयोध्या तक की भावनात्मक यात्रा, बलौदाबाजार पहुंचा समर्पण का यह कारवां




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वर्तमान समय में जहां आत्मकेंद्रित जीवनशैली ने पारिवारिक मूल्यों को पीछे छोड़ दिया है, वहीं आंध्रप्रदेश के रहने वाले नारायण राव पिल्ले ने पिता की अंतिम इच्छा को पूरा करने के लिए जो कदम उठाया है, वह समाज के लिए प्रेरणास्पद मिसाल बन गया है। नारायण राव अपने 95 वर्षीय असहाय पिता रामा नायडू पिल्ले को लकड़ी से बने हाथ-ठेले पर बिठाकर 1200 किलोमीटर की पदयात्रा पर निकले हैं, ताकि उन्हें अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन करा सकें। यह भावनात्मक यात्रा उन्होंने 4 मई को प्रारंभ की थी, और आज 26 मई को वे बलौदाबाजार छत्तीसगढ़ पहुंचे हैं। नारायण के पिता वर्ष 1993 में उन्हें साथ लेकर अयोध्या गए थे, परंतु तत्कालीन तनावपूर्ण परिस्थितियों के कारण रामलला के दर्शन नहीं कर पाए थे। यह अधूरी भावना उनके मन में आज तक बनी रही। अब जब वे चलने-फिरने और बोलने में भी असमर्थ हैं, तो पुत्र नारायण ने उनकी अंतिम अभिलाषा पूरी करने का संकल्प लिया और जीवन की तमाम कठिनाइयों के बावजूद यह धार्मिक और भावनात्मक यात्रा शुरू की।

अब तक नारायण 600 किलोमीटर की पदयात्रा तय कर चुके हैं और लगभग 600 किलोमीटर की दूरी अभी बाकी है। वे दिन-रात ठेला खींचते हुए आगे बढ़ रहे हैं। आर्थिक तंगी, शारीरिक श्रम और गर्मी की तपन सभी का सामना करते हुए वे केवल एक लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

## पर्व : महिलाएं रही उपवास और बरगद की परिक्रमा कर की पूजा

# सुहागिनों ने की पति की लंबी आयु और खुशहाल जीवन की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

सोमवार को अंचल में वट सावित्री पर सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी उम्र और खुशहाल जीवन की कामना लिए बरगद वृक्ष की परिक्रमा कर सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की तथा वट सावित्री की कथा का श्रवण किया। इस दौरान दिनभर उपवास रही। पलारी मे सरस्वती मिश्रा निवास पर यशोदा मिश्रा, कुसुम साहू, ममता साहू, रश्मि ठाकुर, पुष्पा ठाकुर ने सामूहिकता रूप से पूजा अर्चना कर पति के मंगलमय जीवन के लिए प्रार्थना की। वहीं नगर पंचायत पलारी में गायत्री परिसर तथा बालसमुंद स्थित बरगद वृक्ष सहित अनेक जगह पर सामूहिक रूप से महिलाओं ने परिक्रमा कर धागा बांधा, तत्पश्चात वट सावित्री की कथा का श्रवण कर अपने पति के स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर कौड़ियां की महिलाओं ने समूह में वट सावित्री के पूजन के बाद माताओं बहनों द्वारा सिंदूर और बरगद का पौधा रोपित किया, जिसमें पेड़ नहीं प्राण लगाबो टीम की भूमिका रही। वहीं पलारी के ग्राम बिनौरी की महिलाएं ने रखी वट सावित्री व्रत की पूजा बर की पेड़ पर 108 बार चक्कर लगाकर विधि विधान से पूजा कर अपने अपने पति की लम्बी उम्र की कामना की, जिसमें ग्राम पंचायत बिनौरी की सरपंच किरण साहू, सरोज साहू, पूजा यादव, तामेश्वरी साहू, चित्ररेखा सेन, अश्वनी सेन, ममता साहू, तारणि साहू, गंगा यादव आदि मौजूद थे।

■ अंचल में वट सावित्री पर महिलाओं ने रोपे सिंदूर और बरगद के पौधे




### पूजा कर महिलाओं ने बरगद पेड़ की परिक्रमा की

गिधौरी। चित्रोत्पला महानदी त्रिवेणी संगम किनारे ग्राम गिधौरी में पौराणिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण विश्राम वट में सुहागिन महिलाओं ने भारी संख्या में पति की दीर्घायु जीवन की कामना की और निर्जला व्रत रखकर सोमवार को वट सावित्री की पूजा कर बरगद पेड़ की परिक्रमा की। यहां पर पूजा करने भारी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। वट विश्राम में सुबह से ही महिलाओं का आना जाना लगा रहा। महिलाओं ने बताया गया की हिंदू ग्रंथानुसार आज के दिन माता सावित्री ने अपने पति सत्यवान के दीर्घायु के लिए वटवृक्ष की पूजा की थी। तब से हिंदू धर्म की विवाहित महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखकर उसी परम्परा का अनुसरण करते हुए यह व्रत रखते हुए आ रही है। गिधौरी के वट विश्राम में जनश्रुति के अनुसार गस स्थान पर त्रेता युग में विशाल बरगद पेड़ के नीचे भगवान श्रीराम ने माता सीता, भाई लक्ष्मण सहित वनवास जाते समय इसी बरगद के पेड़ नीचे बैठकर विश्राम किया था, तब से इस वृक्ष को विश्राम वट के नाम से जाना जाता है। विशाल वट के नीचे बजरंगबली का मंदिर है, जहां बीते कई वर्षो से हनुमानजी की सुबह शाम आस्था के साथ पं. मुकेश शर्मा द्वारा पूजा पाठ और आरती की जाती है, जहां ग्रामवासी रोजाना आरती में शामिल होते हैं।ऐसी आस्था है कि गांव में श्रद्धालुओं द्वारा हर पर्व पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

## महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए वट वृक्ष की पूजा की

रवान। ग्रामीण अंचल के प्रमुख पर्व वट सावित्री व्रत को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को दिनभर श्रद्धा और आस्था का माहौल बना रहा। इस वर्ष वट सावित्री व्रत का शुभ मुहूर्त सोमवार सुबह 11:20 से दोपहर 12:14 बजे तक (अभिजीत मुहूर्त) रहा। रवान क्षेत्र में इस पर्व को लेकर विशेष आस्था देखी गई। सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य और पति की लंबी उम्र के लिए वट वृक्ष की पूजा कर व्रत रखा। मंदिरों और वट वृक्षों के आसपास महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। विशेष रूप से मंदिर में सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में पूजा सामग्री के साथ पहुंचने लगी थीं। पूजा के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर उसे कच्चे सूत से बांधा और सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी। व्रत की धार्मिक महत्ता और मान्यता



राम मंदिर के पुजारी पं. सोन ने बताया कि वट सावित्री व्रत को भरणी व कृतिका नक्षत्र तथा शोभन व अतिगंड योग में किया जाना विशेष फलदायी माना गया है। इस दिन त्रिदेव-ब्रह्मा, विष्णु और महेश - की पूजा कर वट वृक्ष की आराधना की जाती है।

धार्मिक मान्यता है कि सावित्री ने इसी वृक्ष के नीचे यमराज से संघर्ष कर अपने पति सत्यवान को पुनर्जीवन दिलाया था। सोमवार को अमावस्या तिथि के साथ सोमवती अमावस्या का संयोग व्रत की पुण्य प्राप्ति को और भी बढ़ा देता है। मान्यता है कि इस व्रत से महिलाओं के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य बना रहता है। वहीं पति के जीवन से संकटों का नाश होता है। पूजन सामग्री और परंपरा, पूजन का शुभ मुहूर्त व्रत करने आई महिला ने बताया कि पूजा के लिए सावित्री-सत्यवान की मूर्तियां, धूप-दीप, बांस का पंखा, कच्चा सूत, कलश, बरगद का फल, सुहाग सामग्री और थाल आदि की आवश्यकता होती है। पूजन के बाद महिलाएं अपने पतियों को पंखा झेलकर उनके कष्ट हरने की प्रार्थना करती हैं।

# यूपी के गौ सेवा आयोग अध्यक्ष ने किए भगवान शिवरीनारायण के दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

उत्तर प्रदेश राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष ने शिवरीनारायण पहुंचकर भगवान का दर्शन पूजन किया। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने उनका सम्मान साल एवं श्रीफल से किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता सपत्नीक छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। उन्होंने इस दौरान शिवरीनारायण पहुंचकर भगवान शिवरीनारायण जी का दर्शन-पूजन करके राजेश्री महन्त महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। राजेश्री महन्त जी महाराज ने उन्हें मठ मंदिर में संचालित गौशाला तथा चंद्रचूड़ महादेव का भी दर्शन पूजन कराया। उन्होंने राजेश्री महन्त महाराज से गौ वंश के संरक्षण एवं संवर्धन के संदर्भ में चर्चाएं की तथा उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा गौ वंश के सुरक्षा के संदर्भ में किए गए उपाय से भी महन्त महाराज को अवगत कराया। इस अवसर पर विशेष रूप से त्यागी महाराज, विनोद शर्मा, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे तथा शिवरीनारायण के सामाजिक एवं राजनीति कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।



## राहतभरी झमाझम बारिश ...



पलारी। नगर सहित अंचल में सोमवार को सुबह रिमझिम बारिश हुई। पश्चात शाम को भी झमाझम बारीश हुई, जिससे तापमान गिरावट देखने को मिला। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी, वहीं किसानों के लिए भी राहतभरा बारीश हुई है। किसान अब अपने खेतों की ओर रूख करेंगे तथा खेतों की जुताई में जुट जाएंगे।

# जनप्रतिनिधियों का प्रजापति ब्रम्हकुमारी ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

प्रजापिता ब्राम्हकुमारी संस्थान पलारी द्वारा रविवार को जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष सहित जनपद के सरपंचों का सम्मान का आयोजन किया गया। इसमें खरोरा से आये वरिष्ठ उमा दीदी द्वारा मन की शांति कर्म के बारे में जीवन को श्रेष्ट कैसे बनाये के बारे में बताया गया मैडिटेशन से काम को कैसे अच्छा बनाये और इस कार्यक्रम उद्देश्य मन का शांति का मतलब विश्व शांति का संदेश देना है, हम सभी इस ईश्वरीय विश्व विद्यालय में जो आते हैं, उसे शांति का रास्ता बताते हैं। पलारी में दशहरा मैदान के समीप प्रजापति ब्रम्हाकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय है, जहां रोज सुबह और शाम निशुल्क मेडिटेशन करवाया जाता है। इस अवसर पर आकांक्षा जायसवाल अध्यक्ष जिला पंचायत, पलारी नगर अध्यक्ष गोपी साहू, नंदेश्वर साहू अध्यक्ष नगर पंचायत रोहांसी, पिंटू वर्मा उपाध्यक्ष पलारी, पीतांबर साहू उपाध्यक्ष रोहांसी, सरपंच अध्यक्ष धृतलहरे, सरपंच व पंचगण सहित ब्रम्हांकुमारी संस्थान से खरोरा से अथिति वरिष्ठ उमा दीदी, भगवनतिन वरिष्ठ दीदी, हर्षा दीदी, सुरेश वर्मा, दयाराम ध्रुव,कृष्णा ध्रुव, प्रमिला वर्मा, पदमिनी ध्रुव, बुध्धा यादव, कुसुम, गिरजा, निशा पटेल, भानमती, भनी साहू सरस्वती, अविनाश करियारे आदि उपस्थित रहे।

## मोहरा में आचार्य पं. नंदकुमार की भागवत कथा जारी


# मानव कल्याण के लिए धर्म की शरण लेना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

समीपस्थ ग्राम मोहरा में जारी भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार को भागवत भूषण आचार्य पं. नंदकुमार शर्मा ने कथा के माध्यम से मानव जीवन में धर्म की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव कल्याण के लिए धर्म की शरण लेना अत्यंत आवश्यक है। गीता में श्रीकृष्ण का मुख्य उपदेश है कर्म करो। कर्म की जननी धर्म है। इसलिए जीवन में सर्वप्रथम धर्म का होना जरूरी है। भगवान की प्रत्येक लीला समाज में मानवता का संदेश देती हैं। भगवान ने पृथ्वी पर जो भी कार्य किए धर्म की रक्षार्थ किए, जो पृथ्वी पर धर्म रक्षार्थ कार्य करता है, उसे गोलोक धाम की प्राप्ति होती है। उस पर भगवान की कृपा निरंतर बरसती है। उन्होंने कहा कि जीवन को संवारने के अनेक मार्ग है। उनमें से विनय ऐसा गुण जो मानव में आ जाये तो जीवन को बदलने में देर नहीं लगती। वह धर्म के द्वारा ही आ सकता है। मानव के जीवन में विनय और नम्रता आना जरूरी है वो धर्म के द्वारा ही जीवन में आएगी। विनय धर्म भी है और जीवन का आधार भी। मानव जीवन बहुत ही दुर्लभ है। ये सभी को नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि मानव शरीर न देवताओं को मिलता है और न ही दैत्यों को लेकिन, ये हमें और आपको प्राप्त हुआ है। मनुष्य का जीवन पुण्य का परिणाम है जिसका जितना पुण्य है उसे उतना ही प्रभु के कृपा की प्राप्ति है। मानव को दो अदभुत चीजें प्राप्त हैं जो है हंसी और खुशी प्रकट करने के लिए ताली। हंसो और हंसने दो। इस पर सरकार ने कोई टैक्स भी नहीं लगाया है। आचार्य शर्मा ने गजेंद्र मोक्ष की कथा मे बताया कि गजेंद्र को जब एक ग्राह ने सरोवर मे जल पीने के समय पकड़ लिया तब सहायता के लिए गजेंद्र ने परिवार वालों को पुकार लगाया तो किसी ने भी उनकी सहायता नहीं की. अंत मे जब गजेंद्र निर्बल होकर भगवान को पुकार लगाते हुए एक पुष्प अर्पण किए तो भगवान नारायण स्वयं ही उनकी रक्षा करने के लिए दौड़ पडे और अपने चक्र से ग्राह को मारकर उस गजेंद्र की रक्षा किए. आचार्य शर्मा ने बताया कि ग़ह संसार स्वार्थ से भरा हुआ है। यहा लोग अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए एक दूसरे से रिश्ता बनाए रखता है। और जब मुसीबत की घड़ी आती है तो सब साथ छोड़ देते है। केवल ईश्वर ही एक ऐसा है जो निस्वार्थ भाव से अपने भक्त का साथ देते हैं। उन्होंने कहा अपने-अपने स्वार्थ के लिए एक-दूसरे से जुड़ाव-लगाव रखते हैं। स्वार्थ पूरा होते ही कोई किसी को पहचानता तक नहीं है।




## आवासीय खेल अकादमी रायपुर के लिए जिले के पांच खिलाड़ियों का चयन



**महासमुंद।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा संचालित आवासीय खेल अकादमी रायपुर के लिए चयन ट्रायल आयोजित किया गया था। जिसमें तीरंदाजी एवं हॉकी खेल में जिले के खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल में शामिल होकर बैटरी टेस्ट व स्किल टेस्ट दिया था। जिसमें तीरंदाजी खेल में बिहाझर बागबाहरा से कुशो राम साहू पिता माना राम साहू, तुमगांव से राहुल धीवर पिता नारद कुमार, भोरिंग से देविका साहू पिता टीकम साहू, दिलेश्वरी साहू पिता चंद्रहास साहू, हॉकी खेल में बेमचा से डोलेश निषाद पिता जवाहर लाल का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों को शासन द्वारा निःशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल सामग्री, प्रशिक्षण, भोजन, आवास, खेल किट उपलब्ध कराया जाएगा। खेल अकादमी रायपुर के लिए जिले के खिलाड़ियों का चयन होने पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, प्राचार्य एकलव्य महेंद्र टंडन, व्यायाम शिक्षक डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, डॉ. सुनील कुमार भोई, छात्रावास अधीक्षक बॉल आश्रम बिहाझर, डॉ. पुर्नेद्र चंद्राकर, जिला तीरंदाजी संघ अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, एवन कुमार साहू सचिव एवं तीरंदाजी प्रशिक्षक, सोमनाथ साहू, पिरित राम साहू, संजय पैकरा, जया साहू, नवलीन कौर, नीलम साहू इत्यादि ने हर्ष जताया है।

## खबर संक्षेप



### लोगों में दहशत फैलाने वाले एक अपचारी सहित दो गिरफ्तार

**सिमगा।** समाधान सेल के माध्यम से लोगों में दहशत फैलाने वाले एक अपचारी बालक सहित तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 2 धारदार चाकू जब्त की गई है। विदित हो कि आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं को त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है। इसकी सहायता से किसी प्रकार की सूचना शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधियों की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर में वाट्सअप अथवा काल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में लिप्त संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर 24 मई को सिमगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पुलिस सहायता केन्द्र लिमतरा में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक विजयसिंह केशरिया एवं पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल में सवार आरोपियों को ग्राम मर्राकोना बड़ा पुल के पास धारदार चाकू सहित पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों से लोहे के 2 धारदार चाकू एवं एक काले रंग का मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 22 वाय 8823 को जब्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना सिमगा में धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आरोपियों में प्रमुख रुप से चुनेश्वर पिता ईश्वर देवांगन 30 वर्ष निवासी गुरुनानक वार्ड भाटापारा एवं एक अपचारी बालक शामिल हैं।

### प्लेसमेंट कैम्प में 27 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र व 51 का हुआ चयन



**बलौदाबाजार।** जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु लाईवलीहुड कॉलेज सकरी, बलौदाबाजार में सोमवार को निजी क्षेत्र के नियोजकों के माध्यम से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में कुल 179 आवेदक उपस्थित हुए, 120 आवेदकों ने साक्षात्कार में भाग लिया। साक्षात्कार में भाग लेने वाले आवेदकों में से 27 आवेदकों को कैम्प स्थल पर ज्वांनिग लेटर प्रदान किया गया एवं 51 आवेदकों को चयनित कर 2 दिवस के भीतर अपने अपने संस्थानों में उपस्थित होने निर्देशित किया गया है।

### सुहागिन महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में वट सावित्री का व्रत रखकर सुहागिन महिलाओं ने बरगद वृक्ष की पूजा अर्चना की। और अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। राधिका वैष्णो ने कहा कि वट सावित्री का व्रत बड़ी संख्या में विवाहित महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए बरगद वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना की। इस दौरान कलिंद्री, द्रोपति, कौशल, दिनेश्वरी, गिरजा, लता, लतिका, माया, सरस्वती, शशि, उमा, हेमलता, सरोजिनी आदि मौजूद रहीं।

### गोस्वामी समाज का वार्षिक सदस्यता अभियान जारी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद द्वारा वार्षिक सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी के साथ रामेंद्र प्रकाश गिरि, शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरि, यशवंत गिरि, संतोष गिरि, अर्जुन गिरि, राजेंद्र बन, राम पुरी, राजू गिरि, ओंकार गिरि आदि पदाधिकारियों द्वारा ग्राम अरंड, सिरगिड़ी, कोसरंगी, खुटेरी, आमाकोनी तथा पोटिया में निवास करने वाले गोस्वामी समाज के लोगों के घर जाकर संपर्क किया गया।

---

**बैठक : रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक**

# रजककार विकास बोर्ड ने रोजगार नीति पर बनाई कार्य योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

रजककार विकास बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रहलाद रजक के पदभार ग्रहण पश्चात सामाजिक सुझाव हेतु रजककार विकास बोर्ड की बैठक रविवार को रजककार विकास बोर्ड कार्यालय में हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में एक समाज एक नेतृत्व, समाज की शिक्षा नीति एवं परंपरागत व्यवसाय रोजगार नीति पर कार्य योजना की रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता रजककार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक ने की। संचालन राकेश रजक सरगुजा एवं आभार रुखमणी साहू अनुसंधान अधिकारी ने किया।

रजककार विकास बोर्ड कार्यालय में सामाजिक सुधाव हेतु आयोजित एक दिवसीय बैठक का शुभारंभ स्वच्छता के जनक संत गाडगे महाराज एवं नातिन धोबिन दाई की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर किया गया। रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक ने कहा कि किसी भी समाज का विकास सेवा संस्कार एवं साहस से ही संभव हो सकता है। उन्होंने उपस्थित समाजजनों से कहा कि फिरका में बटे समाज को संगठित करें समाज आगे बढ़े यह सबकी जिम्मेदारी है। मुझे सभी के सहयोग और साथ की आवश्यकता है तभी मैं अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर पाऊंगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा है कि धोबी समाज का सर्वांगीण विकास हो तथा शासन की जन कल्याणकारी योजना का लाभ अंतिम पंक्ति के सामाजिक व्यक्ति तक पहुंचे। हम सभी संगठन क्षमता को बढ़ाएं युवक युवती को संस्कारित करें यही बोर्ड का मुख्य चिंतन एवं कार्य होगा।

मुख्यमंत्री के निज सचिव तुलसी कौशिक ने कहा कि समाज को संगठित होने तथा मजबूत व संस्कारित संगठन की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। जब समाज के युवा युवती संस्कारित होकर निकलेगा तो उस समाज को बढ़ने से कोई ताकत रोक नहीं सकता। रजनी रजक ने कहा कि धोबी समाज में कला एवं कलाकारों की कमी नहीं है जरूरत है उन्हें मंच व प्रस्तुति का मौका देने का। पूर्व अध्यक्ष लोकेश कनौजे ने कहा कि हम सब मिलकर नवनियुक्त रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक के हाथ और मजबूत करेंगे। सेवा ही संगठन विषय पर गोवर्धन कनौजे शिक्षा पर दिनेश रजक एवं समाज एक नेतृत्व पर विजय कनौजे एवं अन्य समाजजनों ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए एक समाज एक नेतृत्व शिक्षा नीति एवं परंपरागत रोजगार व्यवसाय के विकास एवं शासन के सहयोग से योजना का लाभ समाज को देने की बात कही।




**बैठक में ये रहे उपस्थित**

बैठक में नरेंद्र चौधरी, विश्वकांत निर्मलकर, ऋषि कन्नौजे, महेश निर्मलकर, रुखमणी निर्मलकर, संजय बरेठ, बसंत कनौजिया, कमला बरेठ, सुनील निर्मलकर, कन्हैया रजक, माखन रजक, राजीव कनौजिया, केएल निर्मलकर, भुवनेश्वर निर्मलकर, सुरेंद्र रजक, लक्ष्मी कर्ष, यशवंत रजक, राजेश सेठी, कैलाश सोनवानी, हिमलेश निर्मलकर, द्वारिका निर्मलकर, त्रिलोचन रजक, नारायण निर्मलकर, ईश्वर रजक सहित बड़ी संख्या में धोबी समाज के वरिष्ठजन उपस्थित थे।

---

# सोसायटियों में अब तक नहीं आया प्रमाणिक बीज भटक रहे किसान : भाटिया

**सुशासन तिहार के बावजूद ग्रामीणों को लो वोल्टेज एवं बिजली कटौती से नहीं मिली निजात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने बताया कि विष्णु देव साय की सरकार एक ओर सुशासन तिहार के नाम पर अपने गुणगान करते नहीं थक रही है। वहीं क्षेत्र के किसान बीज की कमी, पेयजल समस्या, लो वोल्टेज, बिजली कटौती के साथ-साथ गेल इंडिया के प्रोजेक्ट के चलते अपने खरीफ फसल के लिए तैयारी नहीं कर पा रहे हैं। श्री भाटिया ने बताया कि इस वर्ष मानसून 5 जून तक छत्तीसगढ़ में आ जाएगा, मगर सरकार द्वारा सोसाइटियों के माध्यम से मिलने वाला प्रमाणिक बीज अभी तक आया ही नहीं है। क्षेत्र की कामता, चौरेंगा, तुलसी, विश्रामपुर सोसाइटी में अभी तक एक भी बोरी प्रमाणिक बीज नहीं आया है, जिसके लिए क्षेत्र के किसान भटक रहे हैं। वहीं ग्रामीणजन लो वोल्टेज एवं बिजली कटौती से परेशान है। सरकार के नुमाइंदे सुशासन तिहार के नाम पर वाह वाही लूट रहे हैं। मगर जनता की परेशानी उन्हें दिखाई नहीं दे रही है। उन्होंने बताया कि गेल इंडिया गैस पाइप लाइन का कार्य सिमगा ब्लॉक के कई गांवों में चल रही है, जिसके लिए कई जगह बिना मुआवजे के कार्य प्रारंभ कर दिए हैं। वर्ष 2025 - 26 के खरीफ फसलों की बुवाई का कार्य सामने आ गया है, मगर कंपनी द्वारा खोदे गए गड्ढे एवं उनका मलबा उनके खेत में ही पड़े हैं, जिससे उनको इस वर्ष के कृषि कार्य करने में तकलीफ आ रही है। इन सभी विषयों पर श्री भाटिया ने अनुविभागीय अधिकारी अंशुल वर्मा से चर्चा कर तत्काल इन समस्याओं पर कड़े कदम उठाने की मांग की है। यदि समय पर किसानों को बीज उपलब्ध नहीं हो पाने व बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर आने वाले दिनों में विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।



---

# व्हालीबॉल में नवापारा स्कूल प्रथम खेल मंत्री वर्मा ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



पुलिस विभाग बलौदा बाजार-भाटापारा के तत्वावधान में नशा मुक्ति, साइबर अपराध और यातायात जागरूकता को लेकर वालीबॉल व बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सिमगा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा के खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवांवित किया। बलौदाबाजार के खेल स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में विजेता खिलाड़ियों को खेल मंत्री टंकराम वर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, खेल अधिकारी प्रीति बंछोर, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने ट्रॉफी, मेडल व प्रमाण पत्र व नकद राशि से सम्मानित किया। इस बारे में विद्यालय के व्यायाम शिक्षक व कोच वीरेंद्र पटेल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के नेतृत्व में युवाओं में नशा मुक्ति, यातायात व साइबर जागरूकता को लेकर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो दिवसीय उक्त आयोजन में बास्केटबॉल व वॉलीबॉल प्रतियोगिता महिला व पुरुष दोनों वर्गों में आयोजित की गई जिसमें लगभग 200 खिलाड़ियों ने दम-खम दिखाये। पटेल ने बताया कि वॉलीबॉल की महिला वर्ग में लगातार नवापारा ने कसडोल को 2-0 से हराकर किताब पर कब्जा किया। वहीं पुरुष स्वर्ग में साइ रायपुर ने खमरिया की टीम को 2-0 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में सभी खिलाड़ियों ने नशा मुक्ति, साइबर अपराध, यातायात जागरूकता को लेकर संकल्प भी लिया, साथ ही इस अभियान को गांव व शहर में सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक फैलाने की भी बात कही। स्कूल की इस उपलब्धि के लिए जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, सरपंच डोमार सिंह मारकंडेय, प्राचार्य गणेशराम घीतकर, संकुल समन्वयक फलेंद्र कैवथ, वरिष्ठ शिक्षक सत्येंद्र कुमार चौबे, संकुल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, पालको, नवापारा व मुड़पार के ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं दी है।

---

# ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में महिला शक्ति ने निकाली रैली और राष्ट्रप्रेम का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



देश की रक्षा और गौरव के प्रतीक "ऑपरेशन सिंदूर" के समर्थन में भाटापारा शहर में महिला शक्ति ने राष्ट्रप्रेम और सम्मान का सशक्त प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका प्रांगण से प्रारंभ होकर भारत माता चौक तक एक सम्मान रैली के रूप में सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में महिलाओं ने लाल साड़ी धारण कर और भाल पर सिंदूर का लंबा तिलक लगाकर वीर सैनिकों और सशक्त नेतृत्व को श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात हो कि 6 मई की अर्धरात्रि भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत सर्जिकल स्ट्राइक की गई थी। इस कार्रवाई ने देशवासियों में आत्मविश्वास और गर्व का संचार किया है। महिलाओं ने इसे भारतीय नारी के सुहाग की रक्षा से जोड़ते हुए इसे एक भावनात्मक और सांस्कृतिक विजय बताया। कार्यक्रम में भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा की पत्नी नेहा शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष रतन शर्मा की पत्नी, नीरा देवी साहू, आयशा खान, सोनी छाबड़िया, नीलम छाबड़िया, प्रीति शाह, शीतल आर्या, कंचन तलरेजा, रचना प्यारपानी, संगीता सबलानी, चंद्रकला साय, मीना सोनी, रेखा ध्रुव, अंजलि जायसवाल, तनुजा धृतलहरे, मधु सोनी, सुकून ध्रुव, रितु यादव, रागिनी डोंडे सहित बड़ी संख्या में महिला नेत्रियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। महिलाओं ने उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसिक निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से उन्होंने नारी सम्मान, राष्ट्रगौरव और सनातन संस्कृति का सिर ऊंचा किया है। महिलाओं ने गर्वपूर्वक कहा कि सिंदूर हमारे सुहाग का प्रतीक है और जब आतंकियों ने हमारी 26 बहनों के मांग उजाड़े, तो देश ने उसका सटीक और समयबद्ध जवाब दिया।

---

# छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना की 1 जून से खारुन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



भाटापारा में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी और छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना का जिलास्तरीय बैठक मे 1 से 5 जून तक महादेव घाट रायपुर से ग्राम सुंगेरा (तिल्दा) तक खारुन आजादी यात्रा में सहभागिता के लिये तैयारी के संबंध में चर्चा की गई। छत्तीसगढ़िया के जल जंगल और जमीन संरक्षण व लगातार नदियों से बेतहासा रेत उत्खनन, पानी का दोहन कर जल स्त्रोतों को बर्बाद करने का कार्य औद्योगिक इकाइयों द्वारा किया जा रहा है, जिसे सरकार का संरक्षण मिला है। इससे नदी किनारे बसे गांव में आम निस्तार, पेयजल व खेती किसानी में संकट उत्पन्न हो गया है। खारुन नदी से महेंद्रा स्पंज आयरन कंपनी व पावर प्लांट तक सुंगेरा गांव से पाइप लाइन बिछाकर पानी ले जाने का कार्य गांव वालों के भारी विरोध के बाद भी लगातार जारी है। ग्रामवासियों द्वारा शासन प्रशासन से शिकायत कर रोक लगाने गुहार लगाते हुए आंदोलन किया जा रहा है। जिला स्तरीय बैठक में आज संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा कर गांव-गांव में संगठन विस्तार बैठक करने निर्णय लिया गया एवं छत्तीसगढ़ियों के हक अधिकार, जल जंगल जमीन के रक्षा का संकल्प लिया गया। बलौदाबाजार शहर ब्लाक अध्यक्ष के पद पर रोहित साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में चंद्रकांत यदु, सनत यदु, सुरेंद्र यदु, देवप्रसाद वर्मा, जितेंद्र साहू, सतीश यादव, संतोष साहू, रोहित साहू एवं सेनानी महेंद्र साहू, आलोक यदु, धनंजय गौतम, गणेशु पाल, ऋतुराज साहू, देवानंद यदु उपस्थित थे।

---

# महिलाओं ने पतियों की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी



नगर पंचायत में वट सावित्री पर्व धूमधाम से मनाया गया, जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक विधियों के साथ अपने पतियों की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना की। सुबह से ही महिलाएं विभिन्न वट वृक्षों के पास एकत्रित होने लगीं। उन्होंने वट वृक्ष की विधिवत पूजा की और कच्चे सूत से 12 बार परिक्रमा करके अपने पतियों की लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर पर महिलाएं पारंपरिक लाल-पीली साड़ियों में सजी-धजी नजर आईं।

वट सावित्री व्रत की पूजा में महिलाएं वट वृक्ष के नीचे बैठकर सावित्री-सत्यवान की कथा का श्रवण किया। इसके बाद वे वट वृक्ष की 12 बार परिक्रमा की और कच्चे सूत से उसे बांधा। कुछ महिलाएं निर्जला व्रत रखी। सामूहिक रूप से प्रसाद का वितरण किया। स्थानीय मंदिरों और वट वृक्षों के पास महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही। इस अवसर पर पारंपरिक गीतों और नृत्य का आयोजन भी किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।

### शनिदेव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा आज

**नर्रा।** शनि जयंती पर आज मंगलवार को ग्राम खट्टी के कलार समाज द्वारा नवनिर्मित शनिदेव मंदिर में न्याय के देवता शनिदेव की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है। जिसमें कलश यात्रा बेदी पूजा के साथ सपन्न होगा। पूजा के पश्चात प्रसादी वितरण व भंडारा का आयोजन रखा गया है।

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बिलासपुर (छ.ग.)**

कम्पोजिट बिल्डिग के पास, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन नं. 07752-226113
एवं फैक्स नं. 07752-226113
Email Adress-cofo-bi-ct@ nic .in

नंदकुमार राजपूत ...............आवेदक

बनाम

शिव शक्ति ट्रेक्टर्स एवं अन्य .....अनावेदकगण
प्रकरण क्रमांक सी.सी./2023/195
पेशी दिनांक 02/07/2025

प्रति, शिव शक्ति ट्रेक्टर्स संचालक उमेश दुबे एवं संतोष पाण्डेय अधिकृत विक्रेता न्यू हालेण्ड ट्रेक्टर्स राधास्वामी के पास लवन रोड भाटापारा जिला बलौदा बाजार छ.ग.

परिवादी ने आपके विरूद्ध क्रय किये गये न्यू हालेण्ड ट्रेक्टर के खराब हो जाने के आधार पर परिवाद प्रस्तुत कर उक्त के एवज में प्राप्त अग्रिम राशि 2,60,000/-एवं क्षतिपूर्ति ब्याज एवं परिवाद व्यय दिलाए जाने परिवाद प्रस्तुत किया है जिसमें आपको दिनांक 02/07/2025 को इस आयोग में दिन के 11 बजे शिकायत का उत्तर देने के लिए हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है आप आयोग में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से हाजिर हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हैं और जो इस वाद से सम्बंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके आयोग में हाजिर होने के लिए जो दिन व समय नियत किया गया है वह इस वाद के निपटारे के लिए नियत किया है इस आप नियत दिनांक व समय को अपना जवाब दावा व दस्तावेज पेश करने के लिए तैयार रहे जिस पर आप अपने प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। यदि उक्त पेशी तारीख को सार्वजनिक अवकाश या अन्य कोई अवकाश रहता है तो उक्त प्रकरण का निपटारा अगले कार्य दिवस को किया जावेगा।

अतः आप को सूचित किया जाता है कि आपको उपर बताये गये तारीख व समय पर इस आयोग में उपस्थित नहीं होगे तो उक्त वाद का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जायेगा।

आज दिनांक 20/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

स्थान-बिलासपुर
दिनांक 20/05/2025

आनंद कुमार सिंघल
अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता वाद प्रतितोष
आयोग बिलासपुर (छ.ग.)

---

**प्रतिमा अनावरण के साथ होगी प्राण प्रतिष्ठा, शामिल होंगे समाज के सदस्य**

# पाल समाज मनायेगा अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

छत्तीसगढ़ देसहा गड़रिया पाल के तत्वावधान में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर 31 मई को भव्य आयोजन होने जा रहा है। बता दें कि इस दिन रायपुर के रायपुरा महादेव घाट स्थित पाल सामाजिक भवन परिसर में अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण एवं नवनिर्मित शिव मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह सम्पन्न होगा। पाल सामाजिक भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारी जोर शोर से चल रही है। वहीं इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से भारी संख्या में समाज की महिला-पुरुष, युवा, बच्चे व बुजुर्ग शामिल होंगे। इसी दिन शाम को त्रैमासिक बैठक भी आयोजित होगी। इसमें सामाजिक न्याय प्रक्रियाओं का निपटारा एवं अन्य विषयों पर चर्चा-परिचर्चा होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ देसहा गड़रिया पाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष यशवंत राव पाल करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत मौजूद रहेंगे। विशेष अतिथि के रूप में धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, छत्तीसगढ़ केश शिल्पी कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन, नगर निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे, जनपद पंचायत सिमगा के अध्यक्ष डॉ. दौलत पाल, जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक, माधव राव सप्रे वार्ड के पार्षद महेन्द्र औसर, छत्तीसगढ़ सर्व गड़रिया समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण महतो, छत्तीसगढ़ देसहा गड़रिया पाल समाज के कार्यकारिणी अध्यक्ष लखन भार्गव सहित समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहेंगे।

समाज के प्रदेश सचिव राजू पाल ने बताया कि, कार्यक्रम के दिन सुबह के समय समाज की महिलाओं द्वारा बाजे-गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात प्राण-प्रतिष्ठा व हवन पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के लोगों द्वारा अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। हर पार से बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यक्रम में भाग लेंगी। सभी 23 पार में बैठकों का आयोजन कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपील की जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष यशवंत राव पाल व समाज के केन्द्रीय पदाधिकारी हेमंत पाल, साहिल पाल, मिलन पाल, तेजराम पाल, दानी राम पाल, अरविंद पाल, पूर्णेन्द्र पाल आदि ने समारोह में समाज के लोगों को बड़ी संख्या में पहुंचने के लिए अपील की है। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष इंदु पाल ने बताया कि, कार्यक्रम को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह का माहौल है। प्रायः हर गांव से भारी संख्या में महिलाओं को आने के लिए कहा जा रहा है। साथ ही कार्यक्रम में अपना सहयोग करने के लिए अपील की जा रही है। युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रेमन पाल ने कहा कि, समारोह को सफल बनाने युवाओं से अपील की गई है। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में समाज के युवाओं को कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए कहा गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। युवा प्रकोष्ठ के दिनेश पाल, प्रकाश पाल, सोहन पाल आदि युवाओं द्वारा भी कार्यक्रम को लेकर प्रचार-प्रसार प्रदेश स्तर पर किया जा रहा है। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में समाजजनों को शामिल होने के लिए अपील कर रहे हैं। समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी केशव पाल ने बताया कि, कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने समाज के लोग जोरशोर से तैयारी में लगे हुए हैं। इस बार के कार्यक्रम में भारी संख्या में समाज के लोगों की आने की संभावना है।



## खबर संक्षेप



### कॉलेज के छात्रों ने जाना पत्रकारिता का उद्देश्य

**लवन।** शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. एस के भट्ट के अध्यक्षता में छात्रों को हिंदी पत्रकारिता विषय पर व्याख्यान दिए, जिसमें पुनूराम बंजारे, जगजीवन नारगे, सुरेंद्र बघेल उपस्थित होकर पत्रकारिता का स्वरूप, इतिहास, समाचार संकलन एवं लेखन विषय पर सामूहिक चर्चा कर व्याख्यान दिए। अपने अनुभव को छात्रों के बीच रखें। इस बीच प्रभारी जयप्रकाश खुटे ने कहा कि पत्रकारिता का मूल उद्देश्य गिनाये। प्राचार्य डॉ. भट्ट ने कहा कि लवन कॉलेज के लिए यह गौरव की बात है। यहां के छात्रों को पत्रकारिता जैसे महत्वपूर्ण विषय पर इंटर्नशिप कार्यक्रम रखा गया है। बताया गया कि 27 मई को छात्रों के बीच समाचार की परिभाषा भेद फोटो पिक्चर पृष्ठ सज्जा और फोटो पत्रकारिता के विषय पर विस्तार से व्याख्यान दिया जाएगा।

### श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष बने संतोष

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ भाटापारा इकाई का पुनर्गठन रविवार को स्थानीय विश्रामगृह में आयोजित बैठक में हुआ। इसका उद्देश्य संगठन को और अधिक सक्रिय, सशक्त तथा



सुचारू रूप से संचालन करना है। पुनर्गठित इकाई में संतोष साहू को भाटापारा श्रमजीवी पत्रकार संघ का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अजय यादव और अमृत साहू को सौंपी गई, जबकि सतीश गुप्ता को कोषाध्यक्ष, नदीम खान को सचिव, बजरंग ध्रुव को सह-सचिव, सरिता ध्रुव को कार्यालय प्रभारी, और राज गुप्ता व रवि साहू को प्रचार-प्रसार प्रभारी नियुक्त किया गया। संघ की मार्गदर्शक समिति के रूप में संरक्षक मंडल में भूपेशधर दीवान, नरसिंह यादव एवं राजेश यादव को शामिल किया गया है। वहीं, संयोजक मंडल की जिम्मेदारी कोमल शर्मा, प्रशांत वर्मा एवं अब्दुल मन्नान बांठिया को सौंपी गई। बैठक में तुलसीराम जायसवाल सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

### जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 से

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक चलेगा, जिसके तहत कृषकों को समृद्धि बनाने हेतु अभियान चलाकर कृषकों को शिविर के माध्यम से कृषि एवं संबंधित विभागों द्वारा उन्नत तकनीक एवं आवश्यक जानकारी प्रदान की जा रही है। शासन द्वारा किसानों को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत की गई है। इस दौरान कृषि एवं समवर्गीय विभागों तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक गांव-गांव पहुंचकर खेती के उन्नत तरीकों की जानकारी भी किसानों को देंगे। उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा कृषि एवं समवर्गीय विभागों तथा कृषि विज्ञान केन्द्र, भाटापारा के साथ बैठक कर अभियान को सफल बनाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें कि अभियान के सम्मिलित किये जाने वाले मुख्य गतिविधियों पर चर्चा की गई। जिले के अन्तर्गत 3 विकासखण्डों के 6 स्थानों पर 3 रथ संचालित होगा। विभाग में संचालित सभी योजनाओं तथा खरीफ पूर्व तैयारी की विस्तृत जानकारी किसानों को दी जायेगी।

## निधन

### गीता देवी साहू

**बलौदाबाजार।** स्थानीय निवासी



स्व. रामसेवक साहू की पत्नी गीता देवी साहू का 26 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 मई को प्रातः 9 बजे मोक्षधाम रायपुर रोड में होगा।

---

**पर्व :** निर्जला व्रत रख वट वृक्ष को बांधा धागा और सात परिक्रमा कर की पूजा-अर्चना

# पति के दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा व्रत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

शहर में सोमवार को वट सावित्री व्रत का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। गौरवपथ मार्ग, दशहरा मैदान, हाई स्कूल रोड, पाहदा रोड और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में सुबह से ही महिलाओं की चहल-पहल दिखाई दी। पारंपरिक परिधान में सजी महिलाओं ने वटवृक्ष के नीचे बैठकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की, परिक्रमा की और व्रत कथा का श्रवण किया।

वट सावित्री व्रत विशेष रूप से सुहागिन महिलाओं द्वारा मनाया जाता है, जिसमें वे अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और आरोग्यता की कामना करती हैं। मान्यता है कि इस दिन सावित्री ने अपने तप, श्रद्धा और साहस से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लिए थे। उसी पौराणिक परंपरा का निर्वहन करते हुए आज बलौदा बाजार की महिलाओं ने पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर पूजा की।

**पूजा स्थल पर दिखा भक्ति और आस्था का संगम-** पूजा स्थलों पर महिलाओं ने सुंदर सजावट की थी। रंगोली, पूजा की थालियों में रखे फल, फूल, धूप-दीप और कच्चा सूत सभी ने पर्व को और भी आध्यात्मिक बना दिया। महिलाओं ने वटवृक्ष की जड़ों में जल चढ़ाकर सात बार परिक्रमा की और सावित्री-सत्यवान की कथा सुनकर धर्म, प्रेम और नारी शक्ति का प्रतीक इस पर्व की गरिमा को आत्मसात किया।

**बच्चों की भागीदारी बनी विशेष आकर्षण-** इस पारंपरिक पर्व में महिलाओं के साथ उनके बच्चे भी पूरे उत्साह के साथ भाग लेते नजर आए। पारंपरिक पोषाकों में सजे बच्चे अपनी माताओं के साथ पूजा में सम्मिलित हुए और वट वृक्ष की परिक्रमा में भाग लिया। कई स्थानों पर बच्चों ने व्रत कथा को सुनने में विशेष रुचि दिखाई।





## सुहागिनों ने की विधिवत पूजा और पति के लंबी आयु की कामना की

**हिरमी-रावन।** क्षेत्र के विभिन्न गांवों की सुहागिन महिलाओं ने सोमवार को पारंपरिक श्रद्धा और आस्था के साथ वट सावित्री व्रत मनाया। मोहरा, बरडीह, हिरमी, भालेसुर, मुसवाडीह और कुथरौद सहित आस-पास के गांवों की सैकड़ों महिलाओं ने पीपल के वृक्ष के नीचे एकत्र होकर विधिवत पूजन किया और पतियों की लंबी उम्र और सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की। प्रातःकाल से ही व्रती महिलाएं पारंपरिक परिधान में सज-धजकर पूजा सामग्री के साथ वटवृक्ष के पास पहुंचीं। महिलाओं ने वटवृक्ष की परिक्रमा कर कच्चा सूत बांधा और जल, दूध, फूल, फल, मिठाई आदि से पूजा अर्पित की। इसके बाद उन्होंने सावित्री-सत्यवान की कथा श्रवण किया और उपवास रखते हुए संकल्प लिया। महिलाओं ने बताया कि वट सावित्री व्रत



भारतीय संस्कृति का एक प्रमुख पर्व है, जिसमें पतिव्रता स्त्रियों द्वारा अपने पति की दीर्घायु और कल्याण के लिए उपवास रखा जाता है। यह व्रत सावित्री के आदर्शों पर आधारित है, जिन्होंने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा की थी। पूजा स्थल पर भक्ति भाव का माहौल था और महिलाएं पारंपरिक गीत गाती नजर आईं। इस दौरान महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा कर सामाजिक समरसता और एकता का परिचय दिया। वट वृक्ष को नमन कर सभी ने सुख-शांति और पारिवारिक समृद्धि की प्रार्थना की। गांव की बुजुर्ग महिलाओं ने युवा पीढ़ी को इस पर्व की महत्ता बताई और इसकी परंपरा को जीवंत बनाए रखने का आह्वान किया। संपूर्ण कार्यक्रम शांति और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ।

## वट वृक्ष की परिक्रमा कर महिलाओं ने पति के सुदीर्घ जीवन की कामना की

**अर्जुनी।** अंचल के अर्जुनी, टोनाटार, मिरगी, भद्रापाली, गोढ़ी, मोपर, खम्हारिया, नवागांव, पूरेना, मल्दी, खैरताल, बोरसी सहित अन्य गांवों में 26 मई को महिलाएं वट सावित्री व्रत श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। वट वृक्ष की पूजा कर महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना की। व्रत में महिलाओं ने पारंपरिक



वस्त्रों और श्रृंगार कर वट वृक्ष की परिक्रमा की तथा धागा बांधा और कथा का श्रवण किया। इस व्रत से जुड़ी कथा सावित्री और सत्यवान की है जिसमें सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प प्रेम और निष्ठा से यमराज से अपने पति के प्राण वापस पाए थे। यह कथा भारतीय संस्कृति में नारी धर्म साहस और अटूट विश्वास का प्रेरणा स्रोत माना गया है।

लवन। नगर के वटवृक्ष में सोमवार को महिलाओं ने वट सावित्री की। महिलाएं बरगद की पेड़ के नीचे धागा बांधकर पं. के मंत्रोच्चार से विधिवत पूजा अर्चना की और पति के दीर्घायु की कामना के लिए दिनभर उपवास रखा।



# महिलाओं ने पूजा के बाद वट सावित्री कथा सुनी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर**

वट सावित्री व्रत पर अंचल में सुहागिनों ने पति की लम्बी उम्र और सुख शांति के लिए वट वृक्ष की पूजा विधि विधान पूर्वक की। ग्राम भवानीपुर, खपरी, सिसदेवरी, रीवाडीह, चरौदा, बम्हनी, भरुवाडीह, वटगन, जुनवानी, तमोरी, गिधपुरी, मलपुरी, साहाडा, हरिनभट्ठा सहित विभिन्न स्थानों पर नव विवाहिताओं व वरिष्ठ महिलाओं में वट सावित्री पूजा को लेकर खास उत्साह दिखने को मिला। महिलाएं सुबह से ही पूजा की सामग्री फुलमाला मिष्ठान आम, लीची मौसमी फल अर्पित करने, कच्चे सूत से बांधने और हाथ पंखे से ठंडक पहुंचाने के बाद महिलाओं ने आस्था के साथ इसकी परिक्रमा की। साथ-ही-साथ घर परिवार की खुशहाली की मनोकामना की।

पूजा के बाद वट सावित्री कथा भी सुनी गई। ज्येष्ठ मास की अमावस्या के दिन पढ़ने वाले इस पर्व में सुहागिन महिलाओं ने पूजा की थाली सजाकर वट वृक्ष की बारा बार परिक्रमा की और फल-फूल चढ़ाकर सुख-समृद्धि और पति की लंबी आयु की कामना की।

पं. उमा शंकर तिवारी ने बताया कि, ज्येष्ठ अमावस्या तिथि को हिन्दू महिलाएं वट सावित्री का व्रत रखती हैं। शास्त्रों के अनुसार इस दिन व्रत रखकर वट वृक्ष के नीचे सावित्री, सत्यवान और यमराज की पूजा करने से पति की आयु लंबी होती है और संतान सुख प्राप्त होता है। मान्यता यह भी है कि, इसी दिन सावित्री ने यमराज के चुंगल से अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा की थी। उसी दिन से यह पर्व बड़े ही धूम धाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर पुष्पा तिवारी, खुशबू चंद्राकर तरुणा, सरिता, हेमलता, कुसुम, दासोदिया, नीरा, सेवती, झज्यारिन, नीतू, सोनी, कांति, चंद्रिका, पुष्पा, संतोषी, कलेश्री, किरण,भोज साहू, ,रोहणी मुकेश्वरी, भुनेश्वरी, टिकेश्वरी, चुम्पी,देवमती सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सुहागिन महिलाओं ने परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा**

आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के ब्राह्मण व तिवारी परिवार की सुहागिन महिलाओं ने सोमवार को व्रत रखा। दोपहर को सामग्री लेकर वटवृक्ष पीपल के नीचे जाकर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की और पति के दीर्घायु व परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। इसमें सम्मिलित चमेली पांडे रीता पांडे, सोनी पांडे, निधि पांडे, रानी पांडे, श्रद्धा मिश्रा, ऋचा तिवारी, ज्योति तिवारी और रुक्मणी तिवारी शामिल हैं।

# सुहागिनों ने मंगल आरती की और पति के दीर्घायु व अखंड सौभाग्य की कामना की



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा**

वट सावित्री व्रत रख महिलाओं ने पति की दीर्घायु कामना की। यह व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। यह पर्व इस बार सोमवार को पड़ा। वटसावित्री पर महिलाओं में व्रत रख वर वृक्ष की पूजा की। इसके पश्चात विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा व परिक्रमा के बाद सावित्री एवं सत्यवान पर आधारित कथा मंगल आरती कर पति के दीर्घायु एवं अखंड सौभाग्य के लिए कामना की। सुहागिनों द्वारा महापर्व वट सावित्री आज विभिन्न स्थानों पर स्थित पेड़ की पूजा अर्चना कर पति के लम्बी उम्र की कामना की।

बरगद पेड़ के नीचे बैठकर सुहागीन महिलाएं सफेद धागा को लपेट कर ग्राम पुरोहितों के वैदिक मंत्रोचारण के बीच विधि विधान से पूजा पाठ किया। हिंदू पुराणों के अनुसर बरगद पेड़ में ब्रम्हा, विष्णु और महेश का निवास बताया गया है।

सुहागिन महिलाओं ने बताया कि इस व्रत को लेकर साल भर से बेसब्री से इंतजार करते हैं। मान्यता है कि ब्रम्हा वृक्ष के जड़ में विष्णु तने में और शिव ऊपरी भाग में रहते हैं। तो वजह है कि इस पेड़ के नीचे बैठकर पूजा अर्चना करने से मनोकामनाएं पूरी होती है।



---

**अखण्ड ज्योति के दिव्य प्रकाश को जन-जन तक पहुंचाना है यात्रा का उद्देश्य**

# अखण्ड ज्योति कलश यात्रा का कई वार्डों में हुआ स्वागत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में चल रही अखण्ड ज्योति कलश यात्रा का नगर में रविवार को भव्य स्वागत किया गया। यह यात्रा शांति कुंज, हरिद्वार में प्रज्वलित अखण्ड ज्योति के दिव्य प्रकाश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली गई है। यात्रा का आगमन नगर के विभिन्न क्षेत्र-लक्ष्मण विहार कॉलोनी, राधा विहार कॉलोनी, गायत्री शक्तिपीठ, गांधी चौक, संजय नगर, कमल कॉलोनी, सिविल लाइन, परसाभदेर रोड, अपना घर कॉलोनी और मंगलम कॉलोनी में अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ।



इस अवसर पर सत्संकल्प का पाठ कराते हुए यात्रा के उद्देश्यों को स्पष्ट किया गया। बताया गया कि यह यात्रा परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के दिव्य अवतरण शताब्दी वर्ष 2026 की तैयारी स्वरूप आयोजित की जा रही है। ऋषियुग्म-पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के तप, त्याग और तितिक्षा के प्रतीक अखण्ड ज्योति के माध्यम से जन-जन को युग निर्माण के संदेश से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

यात्रा में अखण्ड ज्योति कलश की स्थापना के साथ सद्विचारों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। पूज्य गुरुदेव द्वारा रचित साहित्य, अखण्ड ज्योति मासिक पत्रिका, युग निर्माण पत्रिका, गायत्री चालिसा, सत्संकल्प पत्रक, मंत्र लेखन पुस्तिका, बलिवैश्व पत्रक एवं सद्वाक्य स्टीकर वितरित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही स्वाध्याय एवं जीवन निर्माण की प्रेरणा दी जा रही है।

यात्रा के दौरान युग निर्माण सत्संकल्प का पाठ कराते हुए 18 सूत्रों पर विशेष बल दिया गया, जिनमें व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण तथा राष्ट्र निर्माण की भावना को बल मिलता है। 'हम बदलेंगे-युग बदलेगा' एवं 'हम सुधरेंगे- युग सुधरेगा' जैसे प्रेरक सूत्रों को जनमानस के अंतःकरण में उतारने का प्रयास किया जा रहा है।

अपना घर कॉलोनी में मातृशक्तियों द्वारा रंगोली एवं जयघोष के साथ यात्रा का स्वागत किया गया। वहीं मंगलम कॉलोनी में दीप महायज्ञ के साथ शंखनाद करते हुए यात्रा को रात्रिकालीन विश्राम प्रदान किया गया। इस प्रकार बलौदाबाजार नगर ने आध्यात्मिक ऊर्जा और श्रद्धा के साथ अखण्ड ज्योति कलश यात्रा का आत्मीय स्वागत कर युग निर्माण के संकल्प को सुदृढ़ किया।

